वर्ष 2017–18 के दौरान राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रूड़की द्वारा किए गए हिंदी कार्यों की रिपोर्ट

वर्ष 2017–2018 के दौरान राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग, प्रचार–प्रसार व विकास में अपेक्षित वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संस्थान में अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। इन गतिविधियों में से कुछ प्रमुख एवं महत्वपूर्ण गतिविधियां इस प्रकार हैं :–

- जल संस्थान, नदी विकास तथा गंगा संरक्षण मंत्रालय के आर्थिक सलाहकार श्री के.एम.एम. अल्मािल्मगोती एवं उपनिदेशक (राजभाषा) श्री एम.सी.भारद्वाज द्वारा दिनांक **17–18 अप्रैल, 2017** को राष्ट्रीय जलविज्ञान संस्थान, रुड़की का राजभाषा संबंधी निरीक्षण किया गया।
- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हरिद्वार के तत्वाधान में विजया बैंक हरिद्वार द्वारा दिनांक **25 अप्रैल, 2017** को आयोजित ''सामान्य हिंदी एवं राजभाषा ज्ञान'' प्रतियोगिता में संस्थान की ओर से एक कर्मचारी ने प्रतिभाग किया।
- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हरिद्वार के सदस्य संगठनों के लिए सी.बी.आर. आई., रुड़की द्वारा दिनांक **20 जून, 2017** को आयोजित एकदिवसीय ''प्रशासनिक कार्यशालाा'' में संस्थान की ओर से पांच कर्मचारियों ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- संस्थान की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 67वीं, 69वीं तिमाही बैठकें क्रमशः **21 जून, 2017, 19 सितंबर, 2017, 21 दिसंबर, 2017** तथा **16 मार्च, 2018** को निदेशक राजसं की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इन बैठकों में राजभाषा संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई तथा सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के संदर्भ में भावी कार्य योजनाएं तैयार की गई।
- संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए ''भारत सरकार की राजभाषा नीति, नोटिंग / ड्राफ्टिंग, हिंदी पत्र लेखन, कम्प्यूटर पर हिंदी कार्य, प्रोत्साहन योजनाएं, प्रयोजनमूलक हिंदी आदि विषयों पर दिनांक **28 जून, 2017, 22 सितंबर, 2017, 27 नवम्बर, 2017** तथा **26 मार्च, 2018** को हिंदी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिसमें कुल 130 पदाधिकारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।
- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हरिद्वार के सदस्य संगठनों के लिए आंध्रा बैंक द्वारा दिनांक **28 जुलाई, 2017** को आयोजित 'निबंध'' प्रतियोगिता में संस्थान की ओर से तीन पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।
- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हरिद्वार द्वारा दिनांक **10 अगस्त, 2017** तथा **08 दिसंबर, 2017** को आयोजित समन्वयकर्ता सम्मेलन में संस्थान के पांच पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

- संस्थान में राजभाषा विभाग द्वारा लागू ''सरकारी कामकाज मूलरूप से हिंदी में करने'' संबंधी प्रोत्साहन योजना के तहत दिनांक **15 अगस्त, 2017** को संस्थान के 10 पदाधिकारियों को पुरस्कार प्रदान किए गए।
- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हरिद्वार की दिनांक **30 अगस्त, 2017** को आयोजित 24वीं अर्धवार्षिक बैठक में संस्थान की ओर से डॉ. शरद कुमार जैन, निदेशक राजसं तथा डॉ. मनोहर अरोड़ा, राजभाषा प्रभारी के साथ–साथ अन्य दो पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। इस बैठक में संस्थान द्वारा प्रकाशित नराकास की वार्षिक पत्रिका ''ज्ञान प्रकाश'' का विमोचन भी किया गया।
- संस्थान में दिनांक **15 अगस्त, 2017 से 14 सितंबर, 2017** तक हिंदी मास का आयोजन किया गया। इस दौरान हिंदी की सात प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए।
- संस्थान की वार्षिक पत्रिका ''प्रवाहिनी'' के 24वें अंक का विमोचन दिनांक **13 सितंबर, 2017** को किया गया।
- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, हरिद्वार द्वारा दिनांक 29 नवम्बर, 2017 को आयोजित 'टिप्पण आलेखन'' प्रतियोगिता में संस्थान की ओर से दो कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।
- नगर राजभाषा कार्यन्वयन समिति, हरिद्वार की दिनांक **22 जनवरी, 2018** को आयोजित 25वीं अर्धवार्षिक बैठक में संस्थान की ओर से तीन पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।